समापन | अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य समापन

# शानदार दांव-पेच का प्रदर्शन कर इंदौर बना ओवरऑल चैंपियन





**नवभारत,जबलपुर।** जिला एमेच्योर कुश्ती संघ, जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित अंडर-15 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन 23 फरवरी 2026 को पीएनटी ग्राउंड, रानीताल में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से लगभग 150 बालक एवं बालिका पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में अपने दमदार दांव-पेच का प्रदर्शन किया। बालक एवं बालिका वर्ग के मुकाबलों ने दर्शकों को रोमांचित किया। महिला पहलवानों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यवाहक नंदकिशोर पटेल, मप्र हॉकी संघ के अध्यक्ष नितिन ढिमोले, डॉ. पुष्पराज पटेल, हेली पाजी, राहुल रोहाणी, अंकित चौधरी, राहुल जैन, एड अर्नव तिवारी, राजेश पहलवान, अमर पहलवान, विक्की सोनकर, सुबोध साहू, गोपाल पटेल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। इस वर्ष की चैंपियनशिप इंदौर टीम ने जीती और उन्हें प्रतियोगिता की ट्रॉफी प्रदान की गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अध्यक्ष उमाशंकर पटेल (पूर्व प्राचार्य एवं कुश्ती विश्वामित्र अवार्डी, म.प्र.), सचिव राजेश राजपूत (पूर्व राष्ट्रीय पहलवान, म.प्र.), प्रो रेसलिंग सीईओ राहुल तुषार सिंह, आयोजन समिति अध्यक्ष शिवम तिवारी, शेरू रैकवार, गोपाल तिवारी, मानस गुप्ता, जनार्दन सिंह, पवन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह राजपूत, निर्मल सिंह, दिलीप चक्रवर्ती, प्रवीण शर्मा, रोहन चतुर्वेदी, दीपक सिंह, रुद्र यादव, इलू महाराज, शानू तिवारी, अक्कू यादव, महेंद्र ठाकुर, नागेन्द्र सिंह राजपूत, अमर विश्वकर्मा, एवं रत्नेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे चयनित खिलाड़ी

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु किया गया है, जहाँ वे तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच

आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवम तिवारी का पगड़ी बंधन कर स्वागत किया गया। अध्यक्ष शिवम तिवारी ने सभी प्रतिभागियों, कोचों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच प्रदान करती हैं।



# जबलपुर ने लहराया जीत का परचम

**जबलपुर, नवभारत।** बीजापुर नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर और इनकम टैक्स पुणे के बीच खेला गया। इसमें जबलपुर रेलवे ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं इनकम टैक्स पुणे टूर्नामेंट की उपविजेता बनी वही टूर्नामेंट में तीसरा स्थान छत्तीसगढ़ पुलिस और चौथा स्थान तमिलनाडु को मिला। पमरे जबलपुर को पहला पुरस्कार 1 लाख, इनकम टैक्स रेलवे को दूसरा पुरस्कार 51 हजार, छत्तीसगढ़ पुलिस को तीसरा पुरस्कार 21 हजार और तमिलनाडु को चौथा पुरस्कार 11 हजार रुपए दिए गए। टूर्नामेंट में आठ राज्यों की टीमों के साथ संभाग व जिले की टीमों ने भी हिस्सा लिया।

### इन्हें मिला पुरस्कार

टूर्नामेंट में व्यक्तिगत पुरस्कारों में बेस्ट प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट जबलपुर रेलवे के अभिराज, बेस्ट ब्लॉक छत्तीसगढ़ पुलिस के टी. चंद्रशेखर, वेस्ट-सेंट्रल रेलवे जबलपुर के ऋतुराज और बेस्ट अटैकर का खिताब इनकम टैक्स पुणे के संकेत को दिया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान जिपं अध्यक्ष जानकी कोरसा, जिपं सदस्य शंकरैया माडवी, मैथ्यूज कुजुर, नपा अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, जपं सदस्य धनेश्वरी बाकडे, वरिष्ठ नागरिक घासीराम नाग, कलेक्टर संबित मिश्रा, डीएफओ आरके जांगड़े, जिपं सीईओ नम्रता चौबे, एसडीएम जागेश्वर कौशल, खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी सहित अन्य मौजूद थे।

# छात्रों ने पेश की फिटनेस व सामाजिक जागरूकता की मिसाल




**नवभारत,जबलपुर।** फिटनेस और सामाजिक जागरूकता के संदेश के साथ सदर स्थित शिवाजी ग्राउंड में आयोजित 'श्री सत्य साईं रन एंड राइड कार्यक्रम में अधारताल स्थित रेवा बी.एड. कॉलेज के 15 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन निर्वाचन साक्षरता क्लब के जिला समन्वयक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने किया। प्रारंभ में प्रतिभागियों को वार्म-अप गतिविधियां कराई गईं। आयोजन को 3, 5 एवं 10 किलोमीटर की रन एवं साइकिल राइड श्रेणियों में विभाजित किया गया था। महाविद्यालय के दिलीप हल्दकार, पार्वती टेकाम, मुकेश सिंह, सत्येंद्र ठाकुर, गोमती आर्मो, इंदु मरावी, सुशीला, राकेश एवं सतीश सहित अन्य विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। महाविद्यालय की नोडल अधिकारी अनुजा राजपूत एवं प्राचार्य डॉ. रितु यादव के मार्गदर्शन में छात्रों ने कार्यक्रम में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, सामाजिक सहभागिता और टीम स्पिरिट की भावना विकसित होती है।

# अभ्यास मैच में ग्रीन ग्लैडिएटर्स की दमदार जीत

▸ **डब्लूएपीएल महिला प्रीमियर लीग का आयोजन**



**नवभारत, जबलपुर।** डब्लूएपीएल महिला प्रीमियर लीग के तहत खेले गए अभ्यास मैच में अहिल्या बाई और ग्रीन ग्लैडिएटर्स के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें ग्रीन ग्लैडिएटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की। मैच की शुरुआत टॉस से हुई, जहाँ ग्रीन ग्लैडिएटर्स की कप्तान समृद्धि राय ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जबकि अहिल्या बाई टीम की कप्तान पूनम कुशवाहा ने अपनी टीम का नेतृत्व संभाला। अहिल्या बाई की टीम ने संभली हुई शुरुआत की, लेकिन मध्यक्रम में लगातार विकेट गिरने के कारण टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्रीन ग्लैडिएटर्स की बल्लेबाजों ने आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए पारी को मजबूती दी और संयमित बल्लेबाजी के दम पर मैच अपने पक्ष में कर लिया। इस मुकाबले की सबसे बड़ी नायिका रहीं संध्या पांडे, जिन्होंने ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने गेंदबाजी में महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए और बल्लेबाजी में निर्णायक रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। उनके शानदार खेल के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' (प्लेयर ऑफ द मैच) घोषित किया गया। अभ्यास मैच होने के बावजूद मैदान पर उत्साह और प्रतिस्पर्धा का स्तर बेहद ऊँचा रहा, जिससे साफ है कि आगामी मुकाबले और भी रोमांचक होने वाले हैं। ग्रीन ग्लैडिएटर्स की यह जीत टीम के मनोबल को बढ़ाने वाली साबित होगी, जबकि अहिल्या बाई टीम आगामी मैचों में मजबूती से वापसी करने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# टीम सनराइज और रेनबो के बीच होगा खिताबी मुकाबला



**नवभारत, जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वाधान में उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर एवंहाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन जबलपुर के सहयोग से 16-वां एडवोकेट्स प्रीमियम लीग टी-20 क्रिकेटटूर्नामेन्ट का क्वाटर फाइनल मैच रानीताल खेल परिसर में पहला सेमीफाइनल मैच टीम सनराइज एवं टीम एक्वाके बीच आयोजित किया गया टीम एक्वा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर, 9 विकेट के नुकसानपर 105 रन बनाए, जबाव में टीम सनराइज ने लक्ष्य का पीछा करते हुये 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर106 रन बनाते हुए इस प्रकार से टीम सनराइज ने 5 विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। टीमसनराइज की ओर से यश ने बेटिंग के दौरान 24 रन बनाए, व बॉलिग के दौरान 4 विकेट लिए, कृष्णमूर्ति मिश्राजिला एवं सत्र न्यायाधीश, जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर नगर पालिका निगम, राजीव बडेरिया संचालक मेट्रोहॉस्पिटल एवं जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर अध्यक्ष मनीष मिश्रा के द्वारा मैन ऑफ द मैच प्रदान किया गया एवंटीम एक्वा की ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कार्तिक शुक्ला को पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच 28 फरवरी कोआयोजित होगें।

### इनका रहा योगदान

इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष मनोजतिवारी, ज्योति राय, मनोज शिवहरे, विनोद विश्वकर्मा, शैलेन्द्र यादव, रवीन्द्र दत्त, सुदीप सिंह सैनी, प्रशांत नायक, अनुभव शर्मा (सीपू), अर्जुन साहू के अलावा अन्य अधिवक्ताओं का सहयोग रहा।

### टीम रेनबो रही विजयी

इसी क्रम में दूसरा सेमीफाइनल मैच टीम यलो और टीम रेन्बो के बीच आयोजित किया गया, टीम यलो ने पहलेबल्लेबाजी करते हुये 18.2 आवेर में 10 विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए, जबाव में टीम रेन्बो ने लक्ष्य कीपीछा करते हुए 18.1 ओवर में 122 रन बनाए इस प्रकार टीम रेन्बो ने 5 विकेट से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेशकिया।

# सीनियर बालक वर्ग की टीम घोषित, नरसिंहपुर से होगा पहला मुकाबला

▸ **जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (बालक वर्ग) में जबलपुर जिला टीम अपना पहला मैच नरसिंहपुर जिले के खिलाफ खेलेगी। प्रतियोगिता के लिए सीनियर बालक वर्ग की जबलपुर टीम की घोषणा कर दी गई है। जिसमें जबलपुर टीम के खिलाड़ी अमरप्रीत सिंह, वरुण तिवारी, निखिल सिंह, अलंकृत सिंह, शिवम तिवारी, जफरुद्दीन अनवर, साहिल लोधी, महेंद्र प्रताप सिंह, रितेश शाकीया, कमल त्रिपाठी, अजय मिश्रा, आदित्य मिश्रा, आशू यादव, दिव्या मनोरमानी एवं यश सोनी एवं अतिरिक्त खिलाड़ी में मलेय लोहिया, मोहित शुक्ला, कौशिक सिंह, पीयूष कुशवाहा और जयंत अवस्थी शामिल हैं।

### टीम चयन के बाद खिलाड़ियों में उत्साह

टीम चयन के बाद खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है। क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि जबलपुर की टीम प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करेगी।

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत विभाग ( कर्षण-वितरण शाखा ) जबलपुर, ई- निविदा सूचना**

**एन.आई.टी नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2025-09 दिनांक 19.02.2026**

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम**-(क) जबलपुर डिवीजन (चरण-1) के सहायक ट्रांसफार्मर के लिए अलग से स्पेयर केबल की व्यवस्था। (ख) मौजूदा अप और डाउन मुख्य लाइनों और नई तीसरी लाइन में हरदुआ-नए मझगवां फाटक के बीच आईबीएस की व्यवस्था। (ग) रतोना में पुराने और अप्रचलित इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए एटी आपूर्ति की व्यवस्था। **कार्य स्थल**-जबलपुर मण्डल। **कार्य की अवधि**-12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू )**-रुपये 1,97,86,466.67/-(रुपये एक करोड़ सतानवे लाख छियासी हजार चार सौ छियासठ और सड़सठ मात्र), **बयाना राशि**-रुपए 2,48,900.00/-, **निविदा जमा करने / खुलने की अंतिम तिथि एवं समय**-19.03.2026 को 15:00 बजे / 19.03.2026 को 15:30 बजे। **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट**-https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा। **(हस्ता.)**

**मंडल विद्युत इंजीनियर, कर्षण-वितरण**
**कृते वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल**
**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

# कप्तान प्रदीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए झटके 6 विकेट



प्रदीप पटेल

**नवभारत,जबलपुर।** अंतर जिला सीनियर बालक वर्ग एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता (50-50 ओवर) का शुभारंभ 23 फरवरी 2026 से एम पी सी ए स्टेडियम नीमखेड़ा में हुआ। नरसिंहपुर और मंडला जिले के बीच खेले गए मुकाबले में नरसिंहपुर ने 63 रनों से जीत दर्ज कर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नरसिंहपुर ने 40 ओवर में 10 विकेट पर 189 रन बनाए और मंडला को 190 रनों का लक्ष्य दिया। मंडला की ओर से देवराज यादव और अनुज परमार ने 3-3 विकेट, सौरभ दाहिया ने 2 तथा अमन और प्रखर पांडे ने 1-1 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंडला की टीम 126 रन पर सिमट गई। नरसिंहपुर के कप्तान प्रदीप पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके। युवराज नेमा ने 2 तथा रवि मंडलोई और अविरल ने 1-1 विकेट लिए। मैच में अंपायर की भूमिका संदीप बक्स और आदित्य शर्मा ने निभाई। स्कोरर सचिन साहू तथा ऑब्जर्वर सोनू रॉबिंसन रहे। प्रतियोगिता के अगले मुकाबले 24 फरवरी 2026 को सुबह 9 बजे से पांढुर्णा बनाम बालाघाट तथा जबलपुर बनाम नरसिंहपुर के बीच खेले जाएंगे।

**— कागजात गुमे —**

निवेदन है कि मेरे प्लॉट जो Rohni Coopérative Housing Society Nagpur (m.s.) द्वारा लिया गया था वही Registred Original Documents की फोटोकापी कराने जा रहा था जो कि बोहरा बाग मेनरोड तथा भानतलैया मेनरोड पर कहीं गिर गए हैं दिनांक 30/12/2025 रात्री 7.30 से 8 बजे के लगभग की घटना है। काफी प्रयास तलाशने का किया असफल होने पर सूचनार्थ मेरी शिकायत दर्ज करने की मेहरबानी करें। आपके सहयोग का आभारी।

जबलपुर दिनांक 23.02.2026

**मोहम्मद सलीम कुरैशी**
**पता- 766/1608 मदार टेकरी, अशफाक उल्लाह खान वार्ड जबलपुर**
**मो.- 9424727878, 9425864410**

### पाटन जनपद द्वारा गिल्ली डंडा पारंपरिक खेलों का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** जिला पंचायत जबलपुर के तत्वाधान में गिल्ली डंडा का खेलों का आयोजन पाटन स्टेडियम में जनपद पंचायत पाटन के द्वारा क्लस्टर स्तरीय गिल्ली डंडा खेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्लस्टर सकरा, बोरिया, सरोंद, लुहारी कांटी, कटरा बेलखेडा, उजरोड, सहसन धनेटा और कैमोरी के प्रतिभागियों ने भाग लिया। फाइनल मैच में लुहारी कांटी विजेता घोषित की गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष ज्योति ठाकुर, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं सम्मानित सदस्य ठाकुर उदयभान, विधायक प्रतिनिधि आनंद मोहन पल्हा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिल सहाय श्रीवास्तव, खंड पंचायत अधिकारी अनिल अग्निहोत्री, लेखाधिकारी बीपी सनी एवं संजय जैन की विशेष उपस्थिति रही।

# पर्यटकों के लिए संवर रहा है तिलवारा गांधी उद्यान : निगमायुक्त

▸ **तिलवारा गांधी उद्यान अब नजर आयेगा नए स्वरूप में**



**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक गौरव, तिलवारा घाट स्थित गांधी उद्यान का कायाकल्प किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने इस संबंध में बताया कि यह उद्यान अब केवल एक बगीचा न रहकर, पर्यटन और शांति का एक आधुनिक केंद्र बनेगा। इसके संवरने से स्थानीय नागरिकों को लाभ मिलेगा, बल्कि बाहरी पर्यटकों के लिए भी यह आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। आधुनिक सुविधाओं और बेहतर लैंडस्केपिंग के साथ यह उद्यान अब पर्यटकों के लिए पहले से कहीं अधिक आकर्षक बनेगा। पिकनिक और पारिवारिक भ्रमण के लिए यह एक आदर्श स्थान होगा। निगमायुक्त के निर्देशों के अनुसार, उद्यान की सफाई, पौधों की छंटाई और नई घास लगाने से यहां का वातावरण और भी शुद्ध और शांतिदायक हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बेंचों की मरम्मत, लाइटिंग की व्यवस्था और वॉकिंग ट्रैक के सुदृढ़ीकरण से स्थानीय नागरिकों को सुबह-शाम की सैर के लिए एक बेहतरीन जगह मिलेगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि तिलवारा गांधी उद्यान में मध्य प्रदेश का सबसे ऊँचा राष्ट्रध्वज 75 मीटर यानी 246 फीट शान से लहरा रहा है। उद्यान के संवरने से इस गौरवमयी स्थल की गरिमा और अधिक बढ़ जाएगी, जिससे यहाँ आने वाले हर नागरिक में देशभक्ति का संचार होगा। तिलवारा गांधी उद्यान महात्मा गांधी की स्मृतियों और नर्मदा की पवित्रता का संगम है। हमारा प्रयास है कि इसे पिकनिक और पारिवारिक भ्रमण के लिए शहर का सबसे आदर्श स्थान बनाया जाए।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**// निविदा आमंत्रण सूचना//(द्वितीय निविदा)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | PRO- 904<br>Date-23/02/2026<br>2026_UAD_483319_1 | सं.क्र. रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 66 अंतर्गत भीटा में दुर्गा स्टेज के पास से पुल व नाला निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 3 Month<br>7.73 | 2000.00<br>7730.00 | 10/03/2026 |
| 2. | PRO- 904<br>Date-23/02/2026<br>2026_UAD_483319_2 | सं.क्र. रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 66 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में रोड एवं कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 3 Month<br>4.22 | 2000.00<br>4220.00 | 10/03/2026 |
| 3. | PRO- 904<br>Date-23/02/2026<br>2026_UAD_483319_3 | सं.क्र. रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्र. 66 अंतर्गत कजरवारा पुरानी बत्ती में श्री लीलाधर पटेल के पास रंगमंच निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 3 Month<br>2.10 | 2000.00<br>2100.00 | 10/03/2026 |

**नोटः**- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**